# संयुक्त निरीक्षण टिप्पणी

प्रस्तावित घुघुखान सौड़ मोटर मार्ग एवं देवीपुरा सौड़ मोटर मार्ग के मध्य मिसिंग लिंक मार्ग के निर्माण हेतु 0.360 है0 वन भूमि प्रकरण के सम्बन्ध में संयुक्त निरीक्षण टिप्पणी।

आज दिनांक 22-11-2017 को विषयगत प्रस्तावित मोटर मार्ग का स्थल निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, नैनीताल के साथ किया गया। संयुक्त निरीक्षण में उप प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल, वन क्षेत्राधिकारी कोसी, क्षेत्रीय कर्मचारी लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता तथा क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों उपस्थित थे। उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग प्रस्तावित घुघुखान सौड़ मोटर मार्ग एवं देवीपुरा सौड़ मोटर मार्ग के मध्य मिसिंग लिंक मार्ग का निर्माण किया जाना है। उप प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल द्वारा अवगत किया कि घुघुखान सौड़ मोटर के निर्माण की 11 किमी0 की स्वीकृति अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, नैनीताल को वर्ष 2006 में प्राप्त थी एवं देवीपुरा सौड़ मोटर मार्ग के निर्माण की 29 किमी0 की स्वीकृति 2007 में अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 को प्राप्त थी। जिसमें दोनो मार्ग के मध्य 660 मीटर मार्ग भाग छूट गया, प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा घुधुखान सौड एवं देवीपुरा सौड़ मोटर मार्ग के मध्य मिसिंग प्रस्ताव गठित किया गया। जिसमें 400 मीटर लम्बाई तथा 9 मीटर चौड़ाई में 0.360 है वन पंचायत भूमि एवं 260 मीटर में नाप भूमि प्रस्तावित होती है।

प्रस्तावित मार्ग के प्रस्तावित समरेखण में 34 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के प्रभावित होते है। जिसमें वन पंचायत भूमि के 31 वृक्ष तथा नाप भूमि के 3 वृक्ष सम्मलित है। 18 वृक्ष ऑन लाईन में प्रविष्टि की गई है। शेष वृक्षों को ऑन लाईन टिप्पणी में अंकित किया गया है।

Geo-refrenced map and soft copy में जो मार्ग प्रदर्शित हो रहा है वह स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पूराना पैदल मार्ग है। जिसका उपयोग ग्रामीणों द्वारा आवागमन हेतु किया जाता रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित मार्ग उक्त विद्यमान पैदल मार्ग से अलग समरेखण से गुजरता है। जिसे लो0नि0वि0 Geo-refrenced map and soft copy द्वारा में लाल रंग से दर्शाया गया है।

संयुक्त निरीक्षण के दौरान पाया गया कि Geo-refrenced map and soft copy में जो मार्ग प्रदर्शित हो रहा है। वह स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पुराना पैदल मार्ग है। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित मार्ग उक्त विद्यमान पैदल मार्ग से अलग समरेखण प्रस्तावित किया गया है। जिसे लो0नि0वि0 द्वारा Geo-refrenced map and soft copy में लाल रंग से दर्शाया गया है। जिसमें वन संरक्षण अधिनियम 1980 का उल्लघंन नही किया गया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता<br>प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0<br>नैनीताल | सहायक अभियन्ता<br>प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0<br>नैनीताल | अधिशासी अभियन्ता<br>प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0<br>नैनीताल | उप वन संरक्षक<br>नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल |

वन क्षेत्राधिकारी
कोसी वन क्षेत्र
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल

Missing Link between Ghugukhan Sam M/Road and Deripura Sam M/Road.

Legend
Prop. Road
Ghugukhan Sam Road
Deripura Sam Road




वन क्षेत्राधिकारी
कोसी वन ...
नैनीताल वन प्र...

AAE

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि०
नैनीताल

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि०
नैनीताल

प्रभागीय वनाधिकारी
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल